HOT NEWS **ताज़ा खबरें:** चारा घोटाले में लालू कोर्ट में पेश

बिजनेस कन्सेप्ट
COMPLETE HINDI BUSINESS NEWS PORTAL

होम पेज | शेयर बाज़ार | कंपनियां | कमोडिटीज़ | ऑटो सेक्टर | प्रॉपर्टी | बॉलीवुड बाजार | इन्फोटेक | इनश्योरेंस


# रिश्वत के आरोप पर प्रफुल्ल पटेल की सफाई

नई दिल्ली। यूपीए सरकार एक बार फिर मुश्किल में फंसती नजर आ रही...

*Detail*


- चारा घोटाले में लालू कोर्ट में पेश
- भारतीयों से डरे ओबामा, फिर दिया बेतुका बयान
- लोन के प्री-पेमेंट से पहले समझें उसके ऊंच-नीच
- अगर एसबीआई से लोन लिया है इस खबर को जरुर पढ़े
- सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से 25000 नौकरियों पर आई आफत!
- रिश्वत के आरोप पर प्रफुल्ल पटेल की सफाई
- आ गया अब सबसे सस्ता टचस्क्रीन फोन
- अनोखा ऑफरः जितने का रिचार्ज, उससे ज्यादा टॉकटाइम
- एयरटेल को राहतः 25 करोड़ रुपए देना होगा जुर्माना!


Sensex




→ Get from W

ताज़ा खबरें | सुपरहिट खबरें | सोना-चाँदी

**चारा घोटाले में लालू कोर्ट में पेश**

रांची बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद मंगलवार को...

**भारतीयों से डरे ओबामा, फिर दिया बेतुका बयान**

हां, यह बयान किसी और ने नहीं बल्कि खुद अमेरिकी राष्ट्रपति बराक...

**लोन के प्री-पेमेंट से पहले समझें उसके ऊंच-नीच**

ब्याज दरों में हुई बढ़ोतरी से ईएमआई के बढ़ते बोझ को...

**अगर एसबीआई से लोन लिया है इस खबर को जरुर पढ़े**

अगर आपने या आपके लिए मित्र-रिश्तेदार ने एसबीआई से लोन लिया है...

**सुप्रीम 2500 आफत**

जी हां, ऐतिहा को तो...

# टैक्स रिफंड ई-मेल से बचके रहना

**नई दिल्ली।।** 31 मार्च यानी मौजूदा वित्त वर्ष का अंत जैसे-जैसे करीब आ रहा है, साइबर ठग भी ऐक्टिव हो गए हैं। ये टैक्स रिफंड दिलाने के नाम पर आपके खाते का ब्योरा जान सकते हैं। इसके लिए वे फिशिंग अटैक या फर्जी अलर्ट की मदद लेते हैं। ऐसे में किसी भी अनजान ई-मेल या लिंक को फॉलो करने से पहले सतर्कता बरतें। अपने बैंक खाते का ब्योरा ऑनलाइन न दें।

मैकेफी लैब्स के टेक्निकल प्रॉडक्ट मैनेजर वीनू थॉमस के मुताबिक, कई लोग इनकम टैक्स रिटर्न ऑनलाइन फाइल करते हैं। ऐसे समय में ही साइबर क्रिमिनल ई-मेल के जरिये फिशिंग अटैक करते हैं। इसके तहत ऐसी वेबसाइट बना दी जाती हैं जो हूबहू सरकारी विभाग वाली साइट लगती है। फिर फर्जी साइट पर व्यक्तिगत जानकारी ले ली जाती है।

एक ई-मेल कई लोगों को मिला है, जिसमें इनकम टैक्स रिफंड उपलब्ध होने की बात कही गई है। एक बार इसे क्लिक करने पर यूजर सीधे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की साइट से मिलती-जुलती किसी साइट तक पहुंच जाता है। वहां पर उनसे एक फॉर्म में पर्सनल फाइनेंशल डिटेल भरने को कहा जाता है। यह डिटेल सीधे साइबर फ्रॉड कर रहे शख्स तक पहुंच जाती है, जो आपके क्रेडिट कार्ड या बैंक अकाउंट से सेकंडों में रकम उड़ा सकता है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को 2010-11 के लिए 38 लाख लोगों से ऑनलाइन रिटर्न मिले हैं। साइबर लॉ एक्सपर्ट पवन दुग्गल के मुताबिक, लोगों को यह पता नहीं होता कि इंटरनेट के जरिये उनकी फाइनैंशल डिटेल्स चुराई जा सकती हैं और इसका गलत फायदा उठाया जा सकता है। सरकारी विभागों के कामकाज के तौर-तरीकों की भी जानकारी लोगों को नहीं होती।

जो लोग इसकी जानकारी रखते हैं, उन्हें साइबर क्रिमिनल नई तकनीक से फंसाने की कोशिश करते हैं। ऐसे क्रिमिनलों के पास लोगों के ई-मेल अड्रेस थोक के भाव में होते हैं, क्योंकि लोग अपने ई-मेल अड्रेस का हर कहीं जिक्र कर देते हैं। वे ई-मेल में स्पैम फिल्टर का इस्तेमाल भी नहीं करते हैं।

इनकम टैक्स के एक अधिकारी के मुताबिक, विभाग ग्राहकों को कभी भी टैक्स रिफंड जैसे मसलों पर ई-मेल नहीं भेजता और न ही फाइनेंशल डिटेल ऑनलाइन पूछता है। हम लोगों को टैक्स क्रेडिट स्टेटमेंट ऑनलाइन चेक करते समय अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बदलते रहने की सलाह देते हैं।


## Another articles:

- महंगी हो सकती है रसोई गैस (2011-03-25)

Powered By relatedArticle



प्रॉपर्टी बैंक

टैक्स टिप्स

इनश्योरेंस जगत



**लोन से पहले जानिए इनके मतलब**

अगर आप लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं,...

25 March 2011

*Read more...*




**टैक्स बटोरने में कैग ने बताईं खामियां**

नई दिल्ली।। भारतीय नियंत्रक और महालेखा...

26 March 2011

*Read more...*

**जीवन बीमा कंपनियों का प्रीमियम संग्रह बढ़ा**

जीवन बीमा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी भारतीय...

25 March 2011

*Read more*

Copyright © 2008 - 2016 Business Concept Design by Web House. All rights reserved.Links.